प्रेस नोट जनपद प्रतापगढ़ दिनांक 23.11.2023

लूट के अभियोग से सम्बन्धित 01 अभियुक्त गिरफ्तार, लूट का 4200/- रुपया, अवैध तमन्चा/कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद (थाना जेठवारा)

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनाकं 17.10.2023 को थानाक्षेत्र जेठवारा के बरिस्ता से डोडपुर जाने वाली नहर, डोडपुर के पास से एक व्यक्ति से हीरो स्प्लेण्डर मोटर साइकिल सवार अज्ञात 02 बदमाशों द्वारा लूट करने के प्रकरण में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जेठवारा में मु0अ0सं0 235/2023 धारा 394 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना जेठवारा के व0उ0नि0 श्री विनीत उपाध्याय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर **मु0अ0सं0 235/23 धारा 394 भादवि** से सम्बन्धित अभियुक्त विपीन सिंह गहरवार पुत्र भगवत सिंह गहरवार नि0ग्राम पर्वतपुर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से अभियोग से सम्बन्धित लूट का 4200/- रुपया व 01 अवैध तमन्चा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं घटना में प्रयुक्त हीरो स्प्लेण्डर प्लस मोटर साइकिल बरामद किया गया । उक्त बरामदगी के आधार पर **अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि व 3/25 आर्म्स की बढ़ोत्तरी** की गई।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

विपीन सिंह गहरवार पुत्र भगवत सिंह गहरवार नि0ग्राम पर्वतपुर थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़।

पूछताछ का विवरणः- गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि दिनांक 17.10.2023 को मैनें व मेरे एक साथी ने एक व्यक्ति से आठ हजार रुपये व उसके पास से कुछ आभूषण लूटे थे उसी लूट का हमारे पास 2500/- रुपये हैं व दिनांक 03.10.2023 की शाम को मैने तथा मेरे अन्य तीन साथियों ने मिलकर थानाक्षेत्र लीलापुर से एक व्यक्ति से 02 मोबाइल फोन व 01 मोटर साइकिल लूट लिया था मोटर साइकिल को एक अज्ञात व्यक्ति को बेचकर मेरे हिस्से में 04 हजार रुपये मिले थे, बाकी पैसे खर्च हो गये 1700/- रुपये बचे हैं जो उसी लूट के हैं। (इस सम्बन्ध में थाना लीलापुर में मु0अ0सं0 341/23 धारा 392 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था) गिरफ्तार अभियुक्त थाना जेठवारा के मु0अ0स0 114/23 धारा 147, 323, 504, 506, 392 भादवि व 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)V, 3(2)VA एससी/एसटी एक्ट का भी वांछित अभियुक्त है।

बरामदगीः-

01. लूट का 4200/- रुपया।

02. 01 अवैध तमन्चा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर।

03. घटना में प्रयुक्त हीरो स्प्लेण्डर प्लस मोटर साइकिल नम्बर यूपी 72 बीक्यू 3154।

पुलिस टीम- व0उ0नि0 श्री विनीत उपाध्याय मय हमराह उ0नि0 श्री सुमित सिंह, आरक्षी सतीश पाल, आरक्षी आशुतोष चौबे थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़।